**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **3285** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **17 दिसम्बर**, 2021/26 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाना है

**पश्चिम बंगाल में पोत परिवहन परियोजनाएं**

**†3285. श्री दिलीप घोष:**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल सरकार ने विगत दस वर्षों के दौरान बंदरगाहों के संबंध में कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पश्चिम बंगाल में बंदरगाहों के संबंध में कोई परियोजना शुरू की गई है और यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** भारत सरकार (जीओआई) ने सागर द्वीप पर एक महापत्तन को स्थापित करने के लिए प्रस्ताव दिया है जिसके लिए मंत्रिमंडल द्वारा सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया था। साथ ही, पश्चिम बंगाल सरकार (जीओडब्ल्यूबी) ने ताजपुर में एक गैर-महापत्तन का विकास करने के लिए प्रस्ताव दिया। तदपश्चात्, प्रस्तावित सागर पत्तन से बेहतर संपर्कता और रेल-लिंक विकल्पों के कारण भारत सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से ताजपुर में एक नया डीप वॉटर पोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया। मामले पर विचार किया गया, और पश्चिम बंगाल में मौजूदा महापत्तन की क्षमता का उपयोग करने के लिए प्राथमिकता दी जा रही है।

**(ख):** पश्चिम बंगाल राज्य में सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत 11,000 करोड़ रु. से अधिक मूल्य वाली 52 परियोजनाओं की पहचान की गई है ताकि पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण, पत्तन आधुनिकीकरण, पत्तन संपर्कता संवर्धन, तटीय सामुदायिक विकास और तटीय पोत परिवहन एवं अंतर्देशीय जलमार्गों से संबंधित अवसंरचना की वृद्धि की जा सके। यह परियोजनाएं केंद्रीय मंत्रालयों, आईडब्ल्यूएआई, भारतीय रेल, राज्य सरकार और महापत्तनों आदि द्वारा कार्यान्वित की गई हैं।

सागरमाला कार्यक्रम के माध्यम से आंशिक रूप से वित्तपोषित 486 करोड़ रु. के मूल्य वाली 8 परियोजनाएं हैं। इन 8 परियोजनाओं में से, 315 करोड़ रु. के मूल्य वाली 5 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, 164 करोड़ रु. के मूल्य वाली 2 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं और 6 करोड़ रु. के मूल्य वाली 1 परियोजना विकास के अधीन है।

**(ग):** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने 151 करोड़ रु. स्वीकृत किए हैं, जिसमें से 136 करोड़ रु. जारी किए गए हैं।

*****